भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या-210
उत्तर देने की तारीख-15/12/2025

तमिलनाडु में नए केंद्रीय विद्यालय

†*210. **श्री तमिलसेल्वन थंगा:**
डॉ. गणपथी राजकुमार पी.:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने हाल ही में केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के बच्चों के लिए शैक्षिक अवसरों में सुधार करने के उद्देश्य से देश में 57 नए केन्द्रीय विद्यालय खोले जाने हेतु स्वीकृति दी है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार का तमिलनाडु में विशेष रूप से तिरुपुर/कोयम्बटूर में प्रवासी दिहाड़ी मजदूरों के बच्चों/आश्रितों के लिए शैक्षिक अवसरों के लिए कोई नया केन्द्रीय विद्यालय खोलने का प्रस्ताव है, क्योंकि कम वेतन पाने के कारण उन्हें अपने बच्चों को निकटवर्ती निजी विद्यालयों में दाखिला दिलाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है; और
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
शिक्षा मंत्री
(श्री धर्मेंद्र प्रधान)

(क) से (ग): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

माननीय संसद सदस्यों श्री तमिलसेल्वन थंगा और डॉ. गणपथी राजकुमार पी. द्वारा "तमिलनाडु में नए केंद्रीय विद्यालय" के संबंध में दिनांक 15.12.2025 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 210 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(क) से (ग): भारत सरकार ने दिनांक 1 अक्टूबर, 2025 को तमिलनाडु के कृष्णागिरी जिले के एक नए केंद्रीय विद्यालय सहित 57 नए केंद्रीय विद्यालयों (केवि) को मंजूरी दी है। इन 57 नए स्वीकृत केन्द्रीय विद्यालयों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा अनुलग्नक के रूप में संलग्न है।

नए केवि खोलना एक सतत् प्रक्रिया है। केवि मुख्य रूप से पूरे देश में शिक्षा का एक समान कार्यक्रम प्रदान करने के लिए रक्षा और अर्ध-सैनिक कर्मियों, केंद्रीय स्वायत्त निकायों, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और केंद्रीय उच्चतर शिक्षा संस्थान (आईएचएल) सहित केंद्र सरकार के स्थानांतरणीय कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए खोले जाते हैं। नए केवि खोलने के प्रस्ताव भारत सरकार के मंत्रालयों या विभागों/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा प्रायोजित किए जा सकते हैं, जिसमें मानदंडों के अनुसार एक नया केवि स्थापित करने के लिए अपेक्षित भूमि और उपयुक्त किराये से मुक्त अस्थायी भवन प्रदान करने की प्रतिबद्धता शामिल है। वर्तमान में, तमिलनाडु में 46 केन्द्रीय विद्यालयों सहित देश भर में 1286 केन्द्रीय विद्यालय कार्यात्मक हैं।

केंद्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) से प्राप्त सूचना के अनुसार, वर्तमान में, तिरुपुर जिले में एक केवि अर्थात केवि, उदुमलपेट कार्यात्मक है और कोयंबटूर जिले में तीन केवि अर्थात (i) केवि, कोयंबटूर (ii) केवि, एएफएस, सुलूर और (iii) केवि, बीएसएफ, किट्टमपालयम कार्यात्मक हैं। केविसं को तमिलनाडु राज्य सरकार/संबंधित जिला प्रशासन से तिरुपुर/कोयम्बटूर में एक नया केवि खोलने के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****

अनुलग्नक

माननीय संसद सदस्यों श्री तमिलसेल्वन थंगा और डॉ. गणपथी राजकुमार पी. द्वारा "तमिलनाडु में नए केंद्रीय विद्यालय" के संबंध में दिनांक 15.12.2025 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 210 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

अक्टूबर, 2025 में स्वीकृत

57 नए केंद्रीय विद्यालयों का राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण

क्र.सं.	राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र	केंद्रीय विद्यालय का नाम
1	आंध्र प्रदेश	पलासा, जिला श्रीकाकुलम
2		मंगसमुद्रम गांव, जिला और मंडल चित्तूर
3		बैरागनिपल्ले, कुप्पम, जिला चित्तूर
4		सखामुरु, थुल्लूर, जिला गुंटूर
5	असम	बोकाजान, जिला कार्बी आंगलोंग
6	बिहार	20वीं बटालियन एसएसबी पाकटोला जिला सीतामढ़ी
7		आईटीबीपी कटिहार, जिला कटिहार
8		नंबर 3 दरभंगा (एम्स), जिला दरभंगा
9		मधेपुरा, जिला मधेपुरा
10		निमी, शेखोपुरसराय, जिला शेखपुरा
11		दीघा, जिला पटना
12		वाल्मी, जिला पटना
13		पूर्णिया, जिला पूर्णिया
14		अरवल, जिला अरवल
15		मधुबनी, जिला मधुबनी
16		आरा टाउन, भोजपुर
17		बोध गया, जिला गया
18		भागलपुर टाउन, जिला भागलपुर
19		कैमूर, जिला कैमूर (भभुआ)
20		झंझारपुर, जिला मधुबनी
21		बिहारशरीफ सिटी, जिला नालंदा
22		मुजफ्फरपुर (बेला औद्योगिक क्षेत्र), जिला मुजफ्फरपुर
23		मुंगेर टाउन, जिला मुंगेर
24		जमुआरा, कटनिकोल, जिला शेखपुरा
25	छत्तीसगढ़	जीसी, सीआरपीएफ तहसील आरंग, जिला रायपुर
26	गुजरात	100 बटालियन: आरएएफ/सीआरपीएफ वस्त्रल, जिला अहमदाबाद

27	हरियाणा	नूह, जिला नूह (मेवात)
28	हिमाचल प्रदेश	पांवटा साहिब, जिला सिरमौर
29		कोटखाई, जिला शिमला
30	जम्मू और कश्मीर	नागसेनी, जिला किश्तवाड़
31	झारखंड	106 बटालियन आरएएफ/सीआरपीएफ कॉम्प्लेक्स, जिला पूर्वी सिंहभूम
32		बरकथा, जिला हजारीबाग
33	कर्नाटक	शिनाल, अथानी तालुक, जिला बेलगावी
34	मध्य प्रदेश	208, कोबरा बटालियन, सीआरपीएफ जान्हवा, जिला बालाघाट
35		नौगांव, जिला छतरपुर
36		बड़ा मलहेरा, जिला छतरपुर
37		समनापुर, नैनपुर, जिला मंडला
38	ओडिशा	रायरखोल, जिला संबलपुर
39		पदमपुर, जिला बरगढ़
40		उदाला, जिला मयूरभंज
41		नीलगिरी, जिला बालासोर
42		रसोल, हिंडोल, जिला ढेंकनाल
43		पल्लाहारा, जिला अंगुल
44	राजस्थान	सिरोही, जिला सिरोही
45		डीडवाना, जिला डीडवाना -कुचामन
46	**तमिलनाडु**	**कृष्णागिरी तालुक, जिला कृष्णागिरी**
47	तेलंगाना	भद्राद्री, कोठागुडेम
48		मुलुगु, जिला मुलुगु
49		नागवरम शिवर, जिला वानापर्थी
50		चेलगल, जिला जगतियाल
51	उत्तर प्रदेश	जीसी, सीआरपीएफ, चकिया चंदौली, जिला चंदौली
52		शामली, जिला शामली
53		संत कबीर नगर, जिला संत कबीर नगर
54		मऊरानीपुर, जिला झांसी
55		नंबर 3 एचयूआरएल कैंपस, जिला गोरखपुर
56		बडेरा, उरई, जिला जालौन
57	उत्तराखंड	सवद, जिला चमोली

*****